**Madhya Pradesh State**
**Agricultural Marketing Board**
Kisan Bhawan, 26, Arera Hills, Jail Road,
Bhopal-462011
Fax : 0755-2553806, Office : 0755-2553429

**मध्यप्रदेश राज्य**
**कृषि विपणन ( मंडी ) बोर्ड**
किसान भवन, 26, अरेरा हिल्स, जेल रोड,
भोपाल-462011
फैक्स : 0755-2553806, कार्यालय : 0755-2553429

Website : www.mpmandiboard.gov.in

क्रमांक / बी-5 / 2 / IT Cell / 2025-26 / 08 भोपाल, दिनांक 15/04/2025

प्रति,

(01) संयुक्त संचालक / उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय ............... (समस्त ) (म0प्र0)

(02) सचिव,
कृषि उपज मंडी समिति,
................. जिला ............... (समस्त) (म0प्र0)

विषय:-प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों में ई-मंडी योजना के क्रियान्वयन संबंधी।

--00--

उल्लेखित विषय में प्रदेश की समस्त 259 मंडी समितियों में ई-मंडी योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है योजना अंतर्गत प्रदेश की मंडी समितियों में किसानों के प्रवेश से लेकर भुगतान तक की समस्त गतिविधियों को रियल टाइम कैप्चर किए जाने हेतु मंडी के प्रवेश द्वार पर डेस्कटॉप कंप्यूटर, थर्मल प्रिंटर एवं इंटरनेट वाई-फाई स्थापित कर किसान के प्रवेश की प्रविष्टि कर प्रवेश पर्ची जारी कर प्रदाय की जायेगी। मंडी प्रांगण में नीलामी के दौरान अनुबंध निष्पादन उपरांत अनुबंध पर्ची जारी कर प्रदाय की जायेगी। मंडी के अनुज्ञप्तिधारी तुलैया / व्यापारी द्वारा तौल की प्रविष्टि करने के उपरांत किसानों को भुगतान पत्रक जारी किया जायेगा। भुगतान प्राप्ति पर कृषकों को उनके बताए मोबाइल नंबर पर भुगतान का एसएमएस (SMS) प्राप्त होगा इसकी भी पुष्टि मंडी प्रशासन कृषकों से करेगा तदुपरांत मंडी को मंडी फीस का भुगतान किया जायेगा।

उपरोक्त प्रवेश से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया को रियल टाइम कैप्चर करने हेतु ई-मंडी योजना का यूजर मैन्युअल आपको सुलभ संदर्भ के लिए संलग्न प्रेषित है इसका पूर्णतः अनुसरण करते हुए ही अपनी मंडी में सभी जिन्सों को शामिल कर ई-मंडी योजना का सुचारू संचालन स्थापित कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही इस बात का कड़ाई से पालन करें कि किसी भी परिस्थिति में डाटा फीडिंग ना की जाकर वास्तविक रूप से ई-मंडी योजना का क्रियान्वयन किया जाए।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार।

( कुमार पुरुषोत्तम )
आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / बी-5 / 2 / IT Cell / 2025-26 / 09 भोपाल, दिनांक 15/04/2025

**प्रतिलिपिः- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. निज सहायक, प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय, भोपाल।
2. संयुक्त सहायक (नियमन), म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय, भोपाल।
3. श्री मुशर्रफ सुल्तान, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक एन.आई.सी. भोपाल।
4. सहायक संचालक (नियमन), म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय, भोपाल।

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल